आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

फसल बीमा

केंद्र सरकार द्वारा सेब बागवानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए मौसम आधारित सेब फसल बीमा योजना चलाई गई है। इस योजना से जनजातीय जिला किन्नौर के हजारों बागवानों को आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। योजना के तहत किन्नौर जिले में अब तक 7 हजार 617 नॉन–लोनिंग बागवान पंजीकृत किए जा चुके हैं।

*इस योजना से जनजातीय जिला किन्नौर के हजारों बागवानों को आर्थिक सुरक्षा मिल रही है ।उप निर्देशक शमशेर सिंह ढेहरु ने बताया कि इस माह में भी बागवान पंजीकरण करवा सकते हैं ताकि आने वाले वर्ष में उन्हें योजना का लाभ मिल सके। योजना के अंतर्गत ओलावृष्टि, पाला, अत्यधिक वर्षा, बर्फबारी और तापमान में अधिक उतार–चढ़ाव से सेब की फसल को होने वाले नुकसान पर बागवानों को मुआवजा दिया जाता है। इससे बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान से राहत मिलती है। योजना की खास बात यह है कि बागवानों को बहुत कम प्रीमियम राशि देनी होती है, जबकि शेष राशि सरकार अनुदान के रूप में वहन करती है। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से सुमेश नेगी।*

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट

केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी में आज से शुरू हो रही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत यह प्रदर्शनी कारीगरों और शिल्पकारों को विशेषरूप से समर्पित है। इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 का उद्देश्य परंपरागत शिल्प में देश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करना और उसका उत्सव मनाना है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य कारीगरों को अपने हस्त निर्मित उत्पादों को देश–विदेश के खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने प्रदर्शित और बेचने का मंच उपलब्ध करना है। इस आयोजन में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 117 से अधिक कारीगर भाग लेंगे, जिससे यह विविध पारंपरिक कौशल और शिल्पों का अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व करेगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना, उनकी पहचान मजबूत करना और टिकाऊ आजीविका के अवसर सृजित करना भी है।

इधर प्रदेश से कुल चार कारीगर जिसमें कुल्लू से दो, चंबा तथा सोलन से एक–एक कारीगर पीएम विश्वकर्मा हाट में अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगा रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों से राज्य के विभिन्न मसले उठाए गए हैं। दिल्ली दौरे के बाद शिमला लौटने पर कल पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाने, राज्य के लिए हर साल 10 हजार करोड़ रुपए की रेवेन्यू डेफिसिएट ग्रांट और पीएम मोदी द्वारा घोषित 15 सौ करोड़ रुपए का पैकेज जल्द जारी करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई है जिस पर केंद्रीय मंत्रियों ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही है। इस दौरान सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल भी किया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री से कल विभिन्न राज्यों के भ्रमण से लौटे चिल्ड्रन ऑफ स्टेट बच्चों ने मुलाकात की और अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की चिल्ड्रन ऑफ स्टेट योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है और सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर आम लोगों तक सरकारी संपदा पहुंचाने का काम किया है।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक कल शिमला में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू करेंगे। बैठक में प्रदेश के चयनित स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम की गाइडलाइंस को मंजूरी प्रदान करने की संभावना है।

ईट राइट–मेला

चम्बा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में 25 व 26 जनवरी को ईट राइट मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य सही खान–पान के जरिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने बारे लोगों को जागरूक करना है। चंबा के उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि मेले के दौरान दो दिनों तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान एक विशेष मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन द्वारा खाद्य पदार्थों की आसान टेस्टिंग करने बारे भी लोगों का ज्ञानवर्धन किया जाएगा।

*इसका मुख्य रूप से जो उद्देश्य है कि अच्छी इंटीग हैबिट को प्रोमोट करना है। पुरानी इंटिग हैबिट थी जहां पर हम लोग मोटा अनाज खाते थे अपने घर में उगाई गई सब्जी खाते थे वो धीरे–धीरे रिप्लेसमैंट हो गया प्रोसेस फूड में। हैल्दी इंटींग हैबिट को प्रोमोट करने के लिए इस मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके अन्तर्गत हमारे कल्चरर इवेंट होगें। कुछ हमारे डिपार्टमैंट के द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। जहां पर नैचुरल फार्मिंग, ऑरगैनिक फार्मिंग और इसके फायदे जो जिला चंबा में जो काम हो रहा है उसके बारे में बताया जायेगा।*

क्रिकेट– भारत न्यूजीलैंड

मेजबान भारत आज इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के साथ श्रृंखला का तीसरा और अंतिम वनडे मैच खेलेगा। मैच दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा।

श्रृंखला फिलहाल एक–एक से बराबर है, जिसमें भारत ने पहला मैच जीता था जबकि, न्यूजीलैंड ने दूसरे मैच में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड की टीम 1989 से एकदिवसीय मैचों के लिए भारत का दौरा कर रही है, लेकिन यहां उसने अभी तक कोई भी श्रृंखला नहीं जीती है।

मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम ने करवट ली है। लाहौल–स्पीति ज़िले में बर्फबारी के चलते कई ऊंचाई वाले सड़क मार्ग प्रभावित हैं। लाहौल में कोकसर से रोहतांग व दारचा से सरचू सड़क मार्ग बंद है और शिंकुला टॉप सड़क बर्फबारी की वजह से प्रभावित हुई है। वहीं स्पीति में ग्रांफू से बाथल और लोसर से बाथल सड़क मार्ग बर्फबारी के चलते बंद हैं। आज भी किन्नौर, चंबा तथा कुल्लू में बादल छाए हुए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम से हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि मध्यवर्ती व मैदानी क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी के कम आसार हैं।